**बदहाली** | तीन वर्षों से समाधान का इंतजार, फुटेरा कलां की सड़क भी बदहाल

# जलभराव और गंदगी से ग्रामीण परेशान



**नवभारत, फुटेरा कलां 5 जुलाई।** बटियागढ़ विकासखंड के ग्राम फुटेरा कला में बाजार से कलारी तिराहा तक की सड़क बरसात के दिनों में कीचड़, जलभराव और गंदगी के कारण लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है.

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पिछले लगभग तीन वर्षों से लगातार बनी हुई है, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस और स्थायी समाधान नहीं किया गया. सड़क की बदहाली के साथ-साथ नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से हालात और गंभीर हो गए हैं.

### पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

ग्रामीण रामगोपाल सैनी ने बताया कि बाजार से कलारी तिराहा तक सड़क पर हर बारिश में पानी भर जाता है और कीचड़ फैल जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है. उनका कहना है कि तीन वर्षों से लगातार शिकायतों के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई.

### ग्रामीण वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं

मनीराम पटेल ने कहा कि बस स्टैंड से लेकर कलारी तिराहा तक सड़क की बदहाल स्थिति पूरे गांव के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वर्षों से इस समस्या से जूझ रहे हैं और अब तक स्थायी समाधान नहीं मिल पाया है.

### सड़क और नालियों की समस्या वर्षों पुरानी है

समाजसेवी व कांग्रेस नेता राजेश राय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि फुटेरा कला में सड़क और नालियों की समस्या वर्षों पुरानी है. उनका कहना है कि बाजार से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित शासकीय हाई स्कूल में प्रतिदिन करीब 1400 से 1500 विद्यार्थी पढ़ने आते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि और अधिकारी गांव की गलियों का नियमित निरीक्षण करें तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने की मांग

उन्होंने मंदिर से लेकर मस्जिद तक की सभी गलियों का सर्वे कराकर सड़क, नालियों और साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने की मांग की है.स्थानीय व्यापारी टोनी जैन ने कहा कि सड़क पर कीचड़ और जलभराव के कारण व्यापार भी प्रभावित हो रहा है.ग्राहकों को दुकानों तक पहुंचने में परेशानी होती है, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है.



# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**नवभारत,दमोह।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मदिन शनिवार को बागेश्वर धाम शिष्य मंडल दमोह द्वारा ज्ञान-ध्यान-दान दिवस के रूप में मनाया गया ।यह आयोजन शहर के मूक बधिर स्कूल में दिव्यांग बच्चों के साथ किया गया।

शिष्य मंडल के सदस्यों ने बच्चों को कॉपी, रजिस्टर,पेन, पेंसिल सहित अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की। आयोजन में दिव्यांग बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे.इस अवसर पर शिष्य मंडल द्वारा मूक बधिर स्कूल के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों, अभिभावकों और उपस्थित जनों के लिए मिठाई और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई ।दमोह शिष्य मंडल प्रभारी अखिल टंडन सोनू ने बताया कि इस सेवा कार्य में लगभग 100 सदस्य उपस्थित रहे।

### पुरातत्व संग्रहालय को दिया जा रहा नया स्वरूप

**नवभारत,दमोह 5 जुलाई।** रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह मार्गदर्शक डॉ सुरेंद्र चौरसिया ने बताया 1 वर्ष पश्चात संपूर्ण कार्यों की पूर्णता उपरांत, रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह नए स्वरूप में प्रदेश स्तर का जिला स्तरीय प्रथम संग्रहालय होने की दशा में प्रगतिशील है। पुरातत्व अभिलेखागार व संग्रहालय विभाग भोपाल मध्य प्रदेश के अधीन संचालित रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह विगत 3 दशक पूर्व 25 अगस्त 1989 को तत्कालीन गवर्नर सरला ग्रेवाल जी ने इसका सूत्रपात किया था, तब से अनवरत दर्शक सुविधाओं तथा इतिहास पुरातत्व के विद्यार्थियों एवं जिज्ञासुओं के लिए विकास क्रम के नवाचार में रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय के विकास एवं उन्नयन के कार्य विगत 1 वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए थे।

# पुलिस ने 21 अमानक साइलेंसर किए जब्त

▸ अमानक साइलेंसर बेचने वाले 2 दुकानदारों पर प्रकरण दर्ज



**नवभारत,दमोह 5 जुलाई।** शहर में मॉडिफाइड और अमानक साइलेंसरों की बिक्री की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार व थाना यातायात प्रभारी निरीक्षक दलबीर सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा शहर की ऑटो पार्ट्स दुकानों पर कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान नेशनल हार्न एसेसरीज बस स्टैंड दमोह व दमोह कार व बाइक डेकोरेशन की दुकानों से मॉडिफाइड /अमानक साइलेंसर मिले। पुलिस ने उक्त साइलेंसरों को विधिवत जप्त कर एम.वी एक्ट के तहत कार्रवाई की। दुकान संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर इस्तगाशा तैयार किया गया है, जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### वाहन में अमानक साइलेंसर का उपयोग नहीं करें

पुलिस ने बताया कि अख्तर खान, संचालक नेशनल हार्न एसेसरीज, बस स्टैंड दमोह व सोहेल खान, संचालक दमोह कार व बाइक डेकोरेशन से 21 मॉडिफाइड/अमानक साइलेंसर, कीमत लगभग 30,000 का सामान जब्त किए गए। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन में अमानक साइलेंसर का उपयोग नहीं करें। इस तरह की अवैध बिक्री पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मासिक बैठक में 3 सदस्यों ने ली प्रांतीय सदस्यता

**नवभारत,दमोह।** मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक 5 जुलाई को पथरिया नगर में तहसील कार्यालय के पास स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई ।बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके निराकरण के लिए प्रस्ताव पारित किए गए। संघ को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सदस्यों से प्रांतीय सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया गया। इस दौरान राजकुमार सिंह रिटायर्ड सउनि ,दिनेश कुमार गोस्वामी रिटायर्ड स.उ.नि.और हरिचरण गर्ग रिटायर्ड प्रआर ने प्रांतीय सदस्यता ग्रहण की ।तीनों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

# कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : शिवहरे



▸ पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक रविवार को भाजपा जिला कार्यालय दमोह में आयोजित कि गई.

इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व सागर संभाग प्रभारी रविन्द्र लोधी, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष व सागर संभाग सह प्रभारी जमुना सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष भोला सराफ,नगर परिषद पथरिया अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा मंचासीन रहे. इसमें संगठन के आगामी कार्यक्रम की चर्चा और प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के आगामी दमोह आगमन के पूर्व तैयारियों पर चर्चा हुई.

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा की रीढ़ है : लोधी

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम् के साथ किया गया. मंचासीन अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व पुष्टाहार से किया गया. भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं. रविन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा की रीढ़ है. प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा को समाज के हर वर्ग के बीच जाकर भाजपा की नीतियों का प्रचार-प्रसार करना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ना चाहिए.

# साप्ताहिक जिनालय परिक्रमा का प्रथम चरण पूर्ण

▸ एक सप्ताह शहर के मंदिर में करेंगे पूजन अर्चन



**नवभारत,दमोह 5 जुलाई।** आचार्य विद्यासागर व समर सागर के मंगल आशीर्वाद व नगर में विराजमान मुनि पदम सागर व छुल्लक तात्पर्य सागर की मंगल प्रेरणा से दिगंबर जैन युवा महासंघ द्वारा प्रारंभ की गई साप्ताहिक जिनालय परिक्रमा का प्रथम दौर रविवार को पूर्ण हो गया।

अगले सप्ताह से वृद्धि दर प्रारंभ होगा, जिसमें एक सप्ताह शहर के मंदिर तथा दूसरे सप्ताह ग्रामीण क्षेत्र के मंदिर में पहुंचकर जिन अभिषेक पूजन अर्चन करेंगे। दिगंबर जैन युवा महासंघ के द्वारा दमोह नगर में स्थित सभी दिगंबर जैन जिनालय में बारी-बारी से प्रत्येक रविवार को पहुच कर श्रीजी का अभिषेक पूजन शांति धारा करने की शुरुआत 8 फरवरी 2026 से की गई थी।

### दूसरी परिक्रमा हुई शुरू

एक माह में चार जैन मंदिर पहुंचकर पूजन अभिषेक करने की श्रृंखला में लगभग 5 माह में प्रथम चरण की पूजन परिक्रमा रविवार 6 जुलाई को कंप्लीट हो गई। अब दूसरी परिक्रमा चालू हुई, जिसमें एक सप्ताह लोकल जिनालय और एक सप्ताह आसपास के जिनालय जाने का क्रम रहेगा।

## पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष पद के लिये हुई रायशुमारी

**नवभारत,दमोह।** जिला कांग्रेस कार्यालय पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद के लिये पर्यवेक्षक के समक्ष दावेदारी की गई। पर्यवेक्षक शिव बालक लोधी ने कहा कि पिछड़ा वर्ग की आवाज अगर किसी ने बुलंद की तो वह राहुल गांधी है समाज की मुख्य धारा अभी भी हम पिछड़े हुए है जिसके लिये हम सभी पिछड़ी जातिया एक मंच पर एकत्रित होकर आगे बढ़ना होगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि आज पिछड़ा वर्ग के नवीन अध्यक्ष पद के लिये तेन्दूखेड़ा जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव का नाम सर्वसम्मति से आया है जो स्वागत योग्य है।

# समिति प्रबंधक आनंद जैन को दी गई विदाई

▸ सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान



**कुम्हारी नवभारत 5 जुलाई।** सहकारी सेवा समिति पटेरा के समिति प्रबंधक आनंद जैन के सेवाकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर, शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

समारोह में वक्ताओं ने आनंद जैन के सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें समय का पाबंद, ईमानदार और कार्य के प्रति समर्पित अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान आनंद जैन ने पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सेवाएं दीं, जिससे समिति को नई पहचान मिली।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम में सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक जितेंद्र दुबे, सुपरवाइजर दिनेश गर्ग, समिति प्रबंधक ऋषिकांत पौराणिक, वीरेंद्र दुबे, प्रवीण, नितिन तिवारी, सेल्समैन नीलेश जैन सहित समिति का स्टाफ, सहयोगी एवं मित्र उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### सहकारिता निरीक्षक प्रमोद खरे सेवानिवृत्त

**नवभारत,दमोह।** कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता में पदस्थ सहकारिता निरीक्षक प्रमोद खरे को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई ।इस अवसर पर सहायक आयुक्त सौरभ कोठिया सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। सभी ने श्री खरे को 40 वर्ष की लंबी शासकीय सेवा पूर्ण करने पर बधाई दी। अधिकारियों व कर्मचारियों ने कामना की कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे राष्ट्र व समाज के लिए सक्रिय रहते हुए स्वस्थ एवं प्रफुल्लित जीवन व्यतीत करें।

### रामगोपाल अग्रवाल का 91 वर्ष की उम्र में निधन



**नवभारत,दमोह।** शहर के प्रतिष्ठित दवाई व्यवसायी रामगोपाल अग्रवाल का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 जुलाई रविवार को हटा मुक्ति धाम पर किया गया। अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में आमजन, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग और रिश्तेदार शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया और भगवान से दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कई लोगों ने उनके सरल स्वभाव और सामाजिक कार्यों को याद कर विचार व्यक्त किए। रामगोपाल अग्रवाल के निधन से शहर के व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है।

### मां बड़ी देवी मंदिर के मुख्य पुजारी का निधन



**नवभारत,दमोह.** शहर स्थित मां बड़ी देवी जी मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महेश दत्त कटारे का लंबी बीमारी के बाद दुखद निधन हो गया। उनके निधन से धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है ।उनका अंतिम संस्कार 5 जुलाई, रविवार को शहर के हटा नाका स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में शहर और आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक जन और मंदिर समिति के सदस्य शामिल हुए।

# 5 किलो अवैध गांजे का किया गया विनष्टीकरण

▸ डीआईजी चौहान पहुंचे दमोह लूट का घटनास्थल देखा



**नवभारत,दमोह।** गांजा विनष्टीकरण की कार्रवाई और शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात देहात थाना के सूखी पिपरिया में हुई लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए सागर जोन के डीआईजी शशीन्द्र सिंह चौहान रविवार को दमोह पहुंचे.

डीआईजी ने सबसे पहले नरसिंहगढ़ पहुंचकर लूट की घटना का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली. इस दौरान पुलिस अधिकारियों से भी वार्ता कर मामले के खुलासे को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक को जल्द से जल्द लूट का खुलासा करने के निर्देश दिए हैं. इसके बाद नरसिंहगढ़ फैक्ट्री में लगभग 4 से 5 किलो अवैध गांजे का विनष्टीकरण किया. इस दौरान पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे.

## 4 जुआरी गिरफ्तार, 21,800 रुपये नकद जब्त



**नवभारत,दमोह 5 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन तथा एसडीओपी पथरिया के मार्गदर्शन में जिले में अवैध जुआ, सट्टा व शराब पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश के पालन में बटियागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक रजनी शुक्ला के नेतृत्व में बटियागढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बटियागागढ़ कस्बा में जुआ फड़ पर दबिश दी। रेड के दौरान 4 जुआरी तास पत्तों से रुपये-पैसे का हार-जीत का दांव लगाते पकड़े गए। पुलिस ने मौके से जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 21,800 रुपये नगद जप्त किए.

## दीप्ति असाटी का वर्ग-2 शिक्षक पद पर चयन

**नवभारत,दमोह।** शहर के शोभा नगर निवासीमनीष असाटी, किराना व्यवसायी की दीप्ति असाटी का वर्ग-2 शिक्षक पद पर जॉइनिंग लेटर मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, समाज और मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई. दीप्ति असाटी विगत कई वर्षों से अतिथि शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रही थीं और उनका सपना था कि उन्हें ओरिजिनल शासकीय नौकरी मिले. इसी लक्ष्य को लेकर दीप्ति ने अतिथि शिक्षक पद पर रहते हुए भी पढ़ाई जारी रखी और कड़ी मेहनत के बाद वर्ग-2 शिक्षक परीक्षा में सफलता हासिल की.उन्होंने बताया कि मुझे दमोह जिले के पथरिया स्थित सांदीपनि स्कूल में वर्ग-2 शिक्षक पद पर इंग्लिश विषय का जॉइनिंग लेटर प्राप्त हुआ है।

**अभियान** | सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

# व्यापारियों व विद्यार्थियों को बताएं साइबर सुरक्षा के उपाय



**नवभारत,दमोह 5 जुलाई।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत शनिवार को पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने पथरिया क्षेत्र में व्यापारी वर्ग और विद्यार्थियों के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.

कार्यक्रम के दौरान एसपी आनंद कलादगि ने पथरिया के व्यापारियों को बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी.उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, फर्जी क्यूआर कोड, ओटीपी, यूपीआई पिन, बैंक खाते या अन्य गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करें.

**छात्रों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित-** इसके बाद सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पथरिया में छात्रों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किया गया.यहां छात्र-छात्राओं को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, सोशल मीडिया का जिम्मेदा राना इस्तेमाल, फर्जी लिंक, ऑनलाइन गेमिंग, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, निवेश और नौकरी के नाम पर होने वाली ऑनलाइन ठगी जैसे साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया.

### एडिशनल एसपी ने पढ़ाया पाठ

इसी क्रम में सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया ने शनिवार को शहर के शर्मा कोचिंग संस्थान पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा का महत्व समझाया ।एएसपी सुजीत भदौरिया ने विद्यार्थियों को अभियान के उद्देश्य से अवगत कराते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड, साइबर बुलिंग, फिशिंग, ओटीपी और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने की सलाह दी।